






## एक नजर में

### भगवान हरि कृष्ण महाराज के 155वें पाटोत्सव



**ताप्ती नदी के राजघाट से कलश धारण कर मंदिर पहुचे भक्त।**

**बुरहानपुर।** प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर, सीलमपुरा स्थित भगवान हरि कृष्ण महाराज के 155वें पाटोत्सव के पावन अवसर पर बुरहानपुर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। बसंत पंचमी के शुभ दिन इस भव्य धार्मिक आयोजन की शुरुआत ताप्ती नदी के राजघाट से की गई। जहां बड़ी संख्या में हरि भक्तों ने सहभागिता कर धर्म और आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया।

संध्याकाल में सभी हरि भक्त ताप्ती नदी के राजघाट पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान स्वामीनारायण की विधिविधान से पूजा.अर्चना की गई।इसके पश्चात हरि भक्त बहनों द्वारा सिर पर पावन कलश धारण कर, घोड़ों की सवारी एवं भजन.कीर्तन के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा राजघाट से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई स्वामीनारायण मंदिरए सीलमपुरा तक पहुंची। कलश यात्रा के दौरान पूरा मार्ग भगवान स्वामीनारायण और हरि कृष्ण महाराज के जयघोषए भक्ति संगीत और धुनों से गूंज उठा। श्रद्धालु पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत करते नजर आए।इस भव्य कलश यात्रा में मंदिर के महंत कोठारी पीण्पीण् स्वामीए प्रसिद्ध कथा वाचक एवं मंदिर के शास्त्री चिंतनप्रियदास जीए आयोजन समिति से दिनेश भगतए कथा के यजमान गोविंददास शाह अपने परिवार सहितए अनेक संतए साधु तथा सैकड़ों की संख्या में हरि भक्त मौजूद रहे।

ताप्ती नदी से लाए गए पावन जल का उपयोग 25 जनवरी को प्रात: 6.30 बजे भगवान हरि कृष्ण महाराज एवं लक्ष्मी नारायण देव के विशेष महाभिषेक में किया जाएगा।इस अभिषेक में जल के साथ.साथ दूध, दही, मक्खन एवं विभिन्न फलों के रस से भगवान का दिव्य अभिषेक संपन्न होगा।

गौरतलब है कि 25 जनवरीए सप्तमी तिथि को भगवान हरि कृष्ण महाराज का 155वां पाटोत्सव पूरे विधि.विधान और राज्य उपचार के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान स्वामीनारायण के धुन.भजनए आरती पूजनए छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगाए वहीं संध्या समय भक्तों के लिए शाकोत्सव भी आयोजित होगा।इसके पूर्व 24 जनवरी को संध्या 4 बजे से 7 बजे तक स्वामीनारायण मंदिर परिसर में भक्त चिंतामणि कथा का आयोजन किया जाएगा।इस कथा का वाचन व्यासपीठ से मंदिर के शास्त्री चिंतनप्रियदास जी द्वारा किया जाएगा। जहां वे संगीतमय कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति रस का रसपान कराएंगे। पूरे आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है और भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त संपूर्ण जानकारी स्वामीनारायण मंदिर के मीडिया प्रभारी गोपाल देवकर द्वारा दी गई।

### कलाल प्रीमियर क्रिकेट लीग की रंगारंग ओपनिंग



**शिक्षाविद् आनंद प्रकाश जी चौकसे . आर्किटेक प्रवीण चौकसे उपस्थिति में संपन्न।**

**बुरहानपुर।** कलाल प्रीमियर लीग का प्रथम चरण के मैच के पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर आनंद चौकसे सरए प्रवीण चौकसे,नीलेश चौकसे, अरविंद चौकसे, सुरेश चौकसे उपस्थित रहे। प्रतीक चौकसे, गौरव शिवहरे ने बताया कि आज से शुरू हुए प्रीमियर लीग सीरीज में नॉकआउट मैच खेले जायेंगे। 13 टीमों में विभाजित टीम मे उद्घाटन मुकाबलो मे रॉयल स्ट्राइकर के साथ थंडर वारियर का मैच खेला गया थंडर वारियर विजेता रही दूसरा मुकाबला कैपिटल लॉयन के साथ सिक्सर किंग का रहा इसमें कैपिटल विजेता रही तीसरा मुकाबला स्काई राइडर का राइजिंग ब्लास्टर के साथ खेला गया इसमें राइजिंग टीम विजेता रही अंतिम मुकाबला पावर हीटर के साथ गेम चेंजर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया।पावर हीटर विजेता रही।आठों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैक्रो विजन एकेडमी के खेल मैदान में अयोजित कलाल प्रीमियर क्रिकेट लीग के मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थेए जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर शिक्षाविद् आनंद प्रकाश जी चौकसे ने कहा कि सामाजिक स्तर आयोजित खेल आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता हैं। श्री चौकसे ने आगे बताया कि क्रिकेट जैसे खेल अनुशासनए टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं। प्रवीण चौकसे ने प्रीमियम लीग के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी और खेल ही समाज में सकारात्मक माहौल बनाते हैं।जन प्रतिनिधि राजेश शिवहरे ने समाज द्वारा कलाल प्रीमियर लीग के स्टार्ट अप कार्यक्रम की सराहना कर अनोखा प्रयोग बताकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा शुभकामना दी। दो दिवसीय इस लीग का फायनल 25 को खेला जाएगा। चारों मैचों में में ऑफद मैच का पुरुस्कार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिए गए।

### प्रधानमंत्री कार्यक्रम का केरल से लाइव प्रसारण



**बुरहानपुर।** 23 जनवरी 2026 को तिरूवनंतपुरम में प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश के 1 लाख पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का ऋण लाभ प्रदान करने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम का केरल तिरूवनंतपुरम से लाइव प्रसारण नगर निगम के एमए आई सी हॉल में दिखाया गया ।इस उपलक्ष्य में नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने नगर पालिक निगम, के एम आई सी हॉल में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण का प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महापौर और पूर्व महापौर के द्वारा 30 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के विभिन्न चरणों के ऋण स्वीकृति एवं वितरण के प्रमाण पत्र बाँटे गए। श्रीमती कल्पना जाधव को यूनियन बैंक ए शनवारा से 50 हज़ार की ऋण राशि प्रदान की गईएजहाँ मंगलाबाई सुभाष महाजन को बैंक ऑफ़इंडिया, अमरावती रोड से 50 हज़ार का ऋण लाभ प्राप्त हुआए वही बैंक ने भारती सुरेश बानखेडे को 25 हज़ार का ऋण लाभ प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम में माननीय महापौर श्रीमती माधुरी पटेल,पूर्व महापौर अतुल पटेल,आयुक्त, संदीप श्रीवास्तव सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार तथा एन यू एल एम के सिटी मिशन मैनेजर अमित प्रकाश रबेका विचुरकर छाया जानोरिया शशिकला मालवीय समस्त सामुदायिक संगठक उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन के खिलाफ शिकायत पर कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

**. कांग्रेस नेता बोले- हम डरने वाले नहीं, विधायक के कहने पर पुलिस ने की कार्रवाई**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर/ नेपानगर।** दूषित जल के मुद्दे पर युवक कांग्रेस की ओर से किया गया आंदोलन अब कांग्रेस भाजपा के बीच की लड़ाई बन गया है।8 जनवरी को युवक कांग्रेस के राज्य स्तरीय प्लान के तहत आंदोलन किया गया था। युवक कांग्रेस के अलावा जिला ग्रामीणए शहर कांग्रेस के नेता भी इस आंदोलन में शामिल थे। लेकिन पुलिस ने ग्रामीण अध्यक्ष रविंद्र महाजन को छोड़कर बाकी सभी कांग्रेस नेताओं के खिलाफएफ्आईआर दर्ज की है। कुल 12 नेताओं पर केस दर्ज किया गया है , जिसमें न सिर्फशहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस का नाम है, बल्कि ग्रामीण कांग्रेस, युवक कांग्रेस, नगर पालिका अध्यक्ष के पतिए पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित अन्य नाम हैं। इसे लेकर कांग्रेस नेताओं में खासा आक्रोश है।

दरअसल 8 जनवरी को युवक कांग्रेस की ओर से अंबेडकर चौराहा से एक रैली निकाली गई। इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल से हुई मौतों के मामलों में अंबेडकर चौराहा से निकली रैली मातापुर बाजार स्थित भाजपा कार्यालय पहुंची। यहां सभी ने डिवाईडर पर बेशर्म के पौधे लगाए। कुछ कार्यकर्ताओं ने भाजपा दफ्तर के सामने गंदे पानी की बॉटलें रख दी। इसकी शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन ने थाने में की थी। जांच के बाद गुरूवार रात 10 बजे नेपा थाना पुलिस ने 12 कांग्रेस नेताओं पर केस दर्ज किया।


इन कांग्रेस नेताओं पर दर्ज किया गया: - भाजपा मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन की शिकायत पर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाष सिंह बैस, कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष पांडूरंग आमले, पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोहन सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद पाटील, पार्षद प्रतिनिधि राजेश पटेल,पार्षद प्रतिनिधि राजू दामू पाटील, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मसाने, आदिवासी विकास परिषद जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह जमरा, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश राठौड़, कांग्रेस नेता किशोर राजपूत व पार्षद प्रतिनिधि पंकज मल्हना के खिलाफ केस दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया कि बिना परमिशन युवक कांग्रेस की ओर से रैली निकालकर आंदोलन किया गया।

विधायक नेपा आई थींए उनके कहने पर केस दर्ज:- इसे लेकर षहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाष सिंह बैस ने गुरूवार को नेपानगर विधायक नेपा आई आई थीं। उनके कहने पर ही यह केस दर्ज किया गया है।हमने डिवाइडर पर पौधे लगाए थे। लेकिन फिर भी शिकायत की गई।कार्यालय के अंदर कोई नहीं गया था। बाहर ही किसी ने गंदे पानी की बॉटलें रखी थी। किसी को पिलाई नहीं थीए जो पिला रहे हैं उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। भाजपा नेता मनोज महेष्वरी का घर होना बताया जा रहा है जबकि शिकायत मंडल अध्यक्ष ने दी। हम किसी भी स्थिति में इन चीजों से डरने वाले नहीं हैं।आगे भी इस तहर के आंदोलन करेंगे।

अब एक्शन का रिएक्शन होगा:-युवक कांग्रेस की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान गंदे पानी की बॉटलें कार्यालय के बाहर रखी गई थी। डिवाईडर पर पौधे लगाए थे। शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया गया था। अगर किसी भाजपा नेता का घर है तो वहां भाजपा कार्यालय क्यों लिखकर रखा गया है। अब एक्शन का रिएक्शन होगा।हम भी भाजपा के हर कार्यक्रम की परमिशन मांगेंगे। पिछले जो कार्यक्रम किए गए हैं उसकी भी जानकारी निकाल रहे हैं।

## चिटनिस के प्रयासों से बुरहानपुर आयुर्वेद महाविद्यालय को नई सौगात

**नवीन भवन निर्माण हेतु 90 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति।**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के निरंतर प्रयासों से बुरहानपुर स्थित पंडित शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। राष्ट्रीय आयुष मिशन एनएएम अंतर्गत राज्य वार्षिक कार्ययोजना 2025.26 के तहत महाविद्यालय में नवीन व्याख्यान कक्ष भवन निर्माण हेतु 90 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति संचालनालय आयुष,मध्यप्रदेश द्वारा जारी की गई है। यह नई स्वीकृति संस्थान की शैक्षणिक अधोसंरचना अंतर्गत एनसीआईएसएम नईदिल्ली के मापदंडों की पूर्ति करेगी तथा विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि यह स्वीकृति बुरहानपुर के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार का आभार व्यक्त किया।

**पूर्व में भी दिलाई गई थी बड़ी स्वीकृति:**-श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि पूर्व में उनके सतत प्रयासों से महाविद्यालय के छात्रावास एवं फार्मेसी भवन निर्माण हेतु 16 करोड़ 75 लाख रुपए की ऐतिहासिक स्वीकृति प्राप्त कराई गई थी। इस स्वीकृति से 50 सीटर बालिका छात्रावासए 100 सीटर बालक छात्रावास तथा फार्मेसी भवन निर्माण कार्य स्वीकृत हुएए जिससे विद्यार्थियों को आवासीय एवं अध्ययन सुविधाओं में बड़ा सुधार हुआ।

**श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रयासों से पुनर्जीवित हुआ संस्थान:**- श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रयासों से महाविद्यालय की मान्यता पुन: बहाल कराई गईए जिससे आयुर्वेद शिक्षा को नई ऊर्जा मिली और बुरहानपुर के विद्यार्थियों को बड़े शहरों की ओर पलायन से राहत मिली। इसके बाद आवश्यक स्टाफ स्वीकृति,अधोसंरचना विस्तार, भवन निर्माण एवं पहुंच मार्ग जैसे अनेक विकास कार्य उनके प्रयासों से संभव हो सके।

**आज मध्यप्रदेश का प्रमुख आयुर्वेद संस्थान:**- वर्तमान में महाविद्यालय में 412 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा 31 एकड़ के विशाल परिसर के साथ यह मध्यप्रदेश का सर्वाधिक भूमि क्षेत्र वाला आयुर्वेदिक महाविद्यालय है। संस्थान की बढ़ती प्रतिष्ठा के कारण महाराष्ट्र एवं गुजरात से भी बड़ी संख्या में रोगी उपचार हेतु यहां पहुंच रहे हैं।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर में आयुर्वेद चिकित्सा एवं शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना उनका संकल्प है। भविष्य में पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं आयुष की अन्य विधाओं के शिक्षण संस्थान स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रगतिरत है।

## जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी का स्वागत



**नवभारत न्यूज,**

**शाहपुर।** जिले के शाहपुर नगर के निवासी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त वीरेंद्र तिवारी का स्वागत श्री संत रविदास महाराज समाज के युवाओं द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया ।हीरामन निंभोरे ने बताया की वीरेंद्र तिवारी एक मिलनसार युवा नेता है ।जो हर किसी के सुख दुख में शामिल होते है ।स्वागत समारोह कार्यक्रम में श्री संत रविदास महाराज समाज के गजानन सुरवाडे ,पंकज काकडे,हीरामन निंम्भोरे ए विजय डोडे ,जितेंद्र भोपले,सुनील सावकार ,प्रफुल्ल भटकर ,सोपान यावतकर,दीपक सोनवने , आकाश सोनवने ,दिलीप भटकरे ,सुभाष भटकरे , ज्ञानेश्वर बाविस्कर सहित समाज के युवाओं ने एवं वरिष्ठ नागरिकों ने विरेंद्र तिवारी का स्वागत किया।

## अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन तथा जिलाआबकारी अधिकारी श्री पार्थसारथी शर्मा के''मार्गदर्शन में आबकारी व्रत उत्तर बुरहानपुर द्वारा डीआईईटी कॉलेज के पीछे नाले में दबिश की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 755 ह तैयार महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34,2 के तहत 01 प्रकरण एवं धारा 34,1 के तहत 02 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए। जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 87500/-रूपये है। कार्यवाही में उप निरीक्षक मुकुल सिंगाड़े, आरक्षक सलोनी गोंडए मुकेश सूर्यवंशी सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



## ग्राम इच्छापुर में जिला महिला कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज, ईच्छापूर।** ग्राम इच्छापूर मे जिला महीला कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। । जिसमे मनरेगा संग्राम के तहत ग्राम के महीला ओ पुरुषों को जिला महीला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमनी आरती लोडे ने कहा भाजपा मनमानी कर रही है। पहले यह योजना ग्राम पंचायत चला रही थी , विकास परियोजनाओ की योजना बनाती थी और उन्हें लागु करती थी , ठेकेदारों पर प्रतिबंध , मजदूरों को स्थानीय मनरेगा मेट्स और रोजगार सहारयको का सहयोग मिलना था । अब यह हालात हैं कि परियोजनाओ पर दिल्ली से रिमोट कंट्रोल के जरीये काम होगा। इसका फैसला लेकर किया जा रहा है। गांवो की ग्राम पंचायत केवल मोदी सरकार के आदेशो पर चल रही है। ऐसी सोच



हम गाँव.गाँव जाकर लोगों के बीच जाकर सच्चाई बता रहे है।

महीला कांग्रेस नैत्री सरीता भगत ने बताया कि राज्य सरकार पर योजना को कमजोर किया जा रहा है। उस पर आर्थीक बोझ डाला जा रहा है। मनरेगा के तहत आपकी मजदूरी का 10प्रतिशत भूगतान केन्द्र सरकार करती थी । इसीलगा राज्य सरकारे बिना किसी कठीनाईके काम उपलब्ध करती थी ,अब यह हालात है। राज्य सरकारों सरकारो को आपकी मजदूरी 50: हिस्सा स्वय पहल करना होगा , खर्च बचाने के लीए संभव है कि काम मिले मिले नहीं है । इस मौके पर मिनाक्षी महाजन,संगीता महाजन ,वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ रमाकांत पाटील, किसान कॉंग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अनिल हवेली वाले ,संजय मधुकर पंडीत,मुख्त्यार खाँ बागवान , गप्पू पवार, निवृत्ती तारे आदि महीला पुरुष भारी संख्या में मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस को जिले में शुष्क दिवस घोषित



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्ष सिंह ने जिले में 26 जनवरीए 2026 गणतंत्र दिवस पर संपूर्ण दिवस के लिये शुष्क दिवस घोषित किया है।

उक्त शुष्क दिवस की अवधि में जिले में मदिरा क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित करने हेतु आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेशानुसार बुरहानपुर जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकाने, एफ्एल.2 आनंद रेस्टोरेंट खण्डवा रोड, एफ3 होटल हाईराईज रेजेन्सी.यूनिट ऑफ गुरूसिख लाईजर पेराडाईज एल.एल.पी गुरूसिख मॉल टेलीफोन एक्सचेंज के पास शनवारा सिंधीबस्ती रोड,एफ.एल.3 अंबिका रेसीडेंसी अमरावती रोड एवं फेन्चाइजी रिटेल आउटलेट वाईन शॉप तथा देशी मदिरा भांडागार बुरहानपुर से मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णत: प्रतिबंधित रखा जाएगा। कलेक्टर हर्ष सिंह ने आबकारी विभाग को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये है।

## भाजपा जिला महामंत्री का किसान व मोर्चा पदाधिकारियों ने किया स्वागत





**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के दुसरी बार नियुक्त जिला महामंत्री चिंतामन भाई महाजन का रास्तीपुरा के किसान संघ पदाधिकारीयों एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारीयों ने उनके निज कार्यालय पहुचकर जोरदार स्वागत किया। बतादे कि श्री महाजन को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दुसरी बार भाजपा जनप्रतिनिधीयों ,संगठन पदाधिकारीयों एवं देवतुलय कार्यकर्ताओं द्वारा उनके भाजपा के प्रति समर्पित एवं निष्ठापुर्ण भाव से किए गए कार्यो को लेकर की गई है।

किसान मोर्चा के सर्वश्री जगदीश महाजन , नगीन पटेल , हेमन्त पटेल , सुरेश महाजन , ईन्द्रपाल महाजन , धनपाल पटेल , सुधाकर पटेल, ओमकार महाजन , भूरिया महाजन, चम्पालाल पटेल , पंकज महाजन, अशोक महाज , रमेश महाजन , गोकुल महाजन, नगीन पटेल , सुरेश पटेल,अरुण महाजन , डोगर महाजन , यूवराज महाजन आदि प्रमुख है।

इसी प्रकार युवा मोर्चा रास्तीपुरा के वेन्कटेश महाजन , भुनेश महाजन, दिपेश महाजन , लोकेश महाजन , मनिष महाजन , कृष्णा महाजन , रजत कोशिक , पवन महाजन , विकाश महाजन , पियुष महाजन , नीराज महाजन प्रमुख है। किसान मोर्चा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गएए सम्मान पर महामंत्री चिंतामन महाजन ने आभार व्यक्त करते हुवे संगठन के कार्यो में निरंतर लगे रहने का अनुरोध किया।

**एक नजर**

**नगर परिषद शाहपुर में परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन**

# शाहपुर विकास कार्यो में स्वर्णिम इतिहास रचने की ओर अग्रसर है : तिवारी

**नवभारत न्यूज,**

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर मे नगर विकास के महत्वपूर्ण विषयो पर विचार विमर्श एवं स्वीकृतियों हेतु परिषद बैठक का आयोजन अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी की अध्यक्षता मे नगर परिषद सभाकक्ष मे हुवा। उन्हौंने बताया कि विकास कार्यो में इतिहास रचने के बाद अब स्वर्णीम इतिहास रचेगें।

बैठक मे वार्ड क्रमांक 14 में नवीन बस स्टेंड से बंभाडा फाटे तक बीटी रोड निर्माण लागत 140.45 लाख, वार्ड क्रमांक 14 में बंभाडा फटे से सुरेश आखरे के खेत रोड के दोनों और सी सी साइड सोल्डर निर्माण लागत 45.38 लाख सांसद निधी स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में सामुदायिक भवन सभा मंडप निर्माण लागत 5.00 लाख,वार्ड क्रमांक 01 ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर



बाउण्ड्री वॉल निर्माण लागत 49.00 लाख, मेस्को माता मंदिर से काजवे डेम तक घाट निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 118.00 लाख,नगर के प्रमुख स्थानों पर सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 250.00 लाख, वार्ड क्रमांक 11 में हॉकर्स जोन निर्माण कार्य लागत 72.00 लाख,वार्ड क्रमांक 11 स्वामी समर्थ नगर में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य लागत 45.00 लाख होकर कुल राशि रूपये 7.27 करोड़ के कार्य कराने हेतु प्राप्त दरों की स्वीकृतिया प्रदान कर कार्यवाही की पुष्टि की गई ! साथ ही निकाय के राजस्व आय मे वृद्धि को देखते हुवे निकाय स्वामीत्व की दुकानों के मासिक किराये/भाड़े में वृद्धि करने की सहमति प्रदान की गई !

**शाहपुर को मिला नया बायपास:**- नगरीय क्षेत्र मे नवीन बस स्टैंड से बम्बडा रोड को जोड़ने वाला नवीन बायपास रोड नगर एवं क्षेत्रवासियो को नई सौगात मिली जिससे कृषि शिक्षा स्वास्थ्य व्यवसाय मे लाभ होगा साथ ही जिसकी नगर मे बढ़ती यातायात से लाभ होकर सुविधा होंगी !

**56 दुकानों की तर्ज पर बनेंगा हॉकर्स जोन:**- नगर मे इंदौर की 56 दुकानों की तर्ज पर हॉकर्स जोन का निर्माण व्यावसायिक दृष्टी से शीघ्र प्रारम्भ होगा जहाँ एक की परिसर मे विभिन्न प्रकार की सुविधाएं एक ही स्थान पर नागरिकों को आसानी से उपलब्ध होंगी !

**2.5 करोड़ के लागत से नगर मे विभिन्न चौराहों का सौन्दरीकरण कार्य शिघ्र मूर्त रूप लेंगे:**- नगर के प्रमुख स्थानों पर संस्कृतिक आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक कलाओ का समावेशित विभिन्न सौंदरीकरण कार्य शिघ्र प्रारम्भ होकर मूर्त रूप लेगे जो नगर विकास मे महत्वपूर्ण स्थान रखेंगे !

इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चैधरी,अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी,उपाध्यक्ष प्रतिनिधी गोपाल चैधरी, पार्षद श्रीमती उषाबाई वासुदेव दोड़े,अशोक निकम, किशोर देशमुख,जब्बार खां, श्रीमती प्रमिला विनोद चौधरी, कैलाश असेरकर, अरूण चौधरी,श्रीमती दीपावली पंकज राउत, श्रीमती दीपावली मुकेश बुनगाल, श्रीमती ज्योत्सना विष्णू महाजन, शेख साकिर, शेख ताजुद्दीन, पवन बड़ोले, पार्षद प्रतिनिधी विजय दौड़े, विनोद चौधरी, पंकज राउत, मुकेश बुनगाल,विष्णु महाजन, नगर परिषद उपयंत्री राहुल चैहान,मुख्य लिपिक जगन्नाथ महाजन, लेखापाल तुषार ,राजपूत रतनसिंह रावत एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।